तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 नए शराब दुकान का भगवती मानव कल्याण...

14 औरंगजेब अत्याचारी था और मुसलमानों का आदर्श...


## खबर संक्षेप

### च्वाइस सेंटर संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही में च्वाइस सेंटर संचालक से पूर्व सरपंच के द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी व च्वाइस सेंटर संचालक भारत कुमार जोगी पिता संतोष कुमार जोगी (22 वर्ष) निवासी तेंदूवाही ने एफआईआर में पुलिस को बताया कि पंचायत में उपसरपंच चंद्रकुमार यादव के साथ काम कर रहा था, तभी वह पूर्व सरपंच जीवन लाल साहू पिता सोनू साहू के पास उसके दुकान में पूर्व में बचत गली लाईट को लगवाने हेतु जानकारी लेने गया था। तभी बातचीत के दौरान आरोपी जीवन लाल साहू गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिससे गर्दन में चोट लगी एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पानी भरने गई महिला से मारपीट

**महासमुंद।** मुख्यालय के करीबी बिरकोनी के वार्ड 3 में नल से पानी भरने गई एक महिला के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले को लेकर सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया वेदकुमारी टंडन निवासी वार्ड नं 3 बिरकोनी बताया कि वह 27 मार्च की करीब 5 अपनी सास पुनउतीन टंडन के साथ घर के सामने लगे नल में पानी भरने गई थी। उसी समय पड़ोसी कलावती ढीढी एवं आत्माराम ढीढी भी नल में पानी भरने आए और पुरानी रंजिश को लेकर कलावती ढीढी द्वारा स्टील की बाल्टी से एवं आत्माराम ढीढी द्वारा डंडे से मारपीट कर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब सास पुनउतीन टंडन द्वारा बीच बचाव किया गया तो उसके साथ भी धक्का-मुक्की करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# रांची से नागपुर जा रहे युवक की कार से 53 लाख बरामद, इनकम टैक्स विभाग को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्राम रेहटीखोल स्थित अंतरराज्यीय चेकपोस्ट में जांच के दौरान एक कार से पुलिस ने 53 लाख रुपए नगद बरामद किया है। कार में बैठे युवक द्वारा इस रकम को महाराष्ट्र ले जाना तथा वैध दस्तावेज नही दिखा पाने के चलते पुलिस ने धारा 106 भा.ना.सु.सं.के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी है।

बता दें कि 27 मार्च को पुलिस की टीम के द्वारा एनएच 53 रेहटीखोल चेक पोस्ट बेरियर पर ओडिशा की ओर से आने वाली वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी मारुति स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक एमएच 02 सीआर 2126

- एनएच 53 रेहटीखोल चेक पोस्ट बेरियर पर कार्रवाई

तेज रफ्तार से आ रही थी। जिसे पुलिस की टीम के द्वारा चेकपोस्ट में रोका गया। वाहन के ड्रायवर सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शशांक कोठार पिता राजकुमार कोठार (26 साल) संभाजी नगर पठान लेऊ थाना प्रतापनगर जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया।

जब पुलिस की टीम ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन के पीछे सीट में काले रंग का बैग के संबंध में पूछताछ की गई तब उसमें नगदी रकम 53 लाख रुपए होना बताते हुए उसे रांची झारखंड से नागपुर महाराष्ट्र ले जाना बताया। टीम के द्वारा शशांक कोठार के कब्जे से पिट्ठू बैग से 53 लाख रुपए मिले। उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं होने पर थाना सिंघोड़ा में धारा 106 भा.ना.सु.सं. के तहत कार्रवाई की गई।

### विडंबना : विभाग के चलते प्रशासन और शासन की छबि धूमिल

# माननीयों के बिना विवाह समारोह संपन्न, मंच पर हुई खानापूर्ति






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

न तो विभागीय मंत्री पहुंचीं, न जिले

- बीते सत्र भी विवाहितों का विवाह कराकर यह विभाग रहा चर्चा में

के प्रभारी मंत्री और तो न सांसद, न जिले का कोई भी विधायक। आयोजन था 160 जोड़ों के मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का। दरअसल, विभागीय मनमानी यह रही कि आमंत्रण कार्ड तो छपवाए लेकिन, न तो आमंत्रण भेजा, न आगमन की सहमति ली। ऐसे में जो पहुंचा उसे अतिथि बनाकर मंच दिया और 160 जोड़ों के विवाह की खानापूर्ति कर दी गई। बता दें कि बीते सत्र भी विवाहितों का विवाह कराकर यह विभाग चर्चा में रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले के गरीब परिवारों के 160 कन्याओं का विवाह शुक्रवार को संजय कानन में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, बेलटुकरी सरपंच तुलेश्वरी ध्रुव, पार्षद धर्मेंद्र चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर नशामुक्त अभियान के लिए शपथ भी ली गई।

### नवदंपत्तियों को नपाध्यक्ष ने दिया आशीष



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 160 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। संजय कानन में नवदंपत्तियों को नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

### सहमति के बिना मंत्री को आमंत्रित बताकर किया गुमराह

महिला बाल विकास विभाग के मंत्री को अतिथियों की सूची में बिना आमंत्रित किए ही शामिल कर दिया। इसके चलते मंत्री का न तो प्रोटोकॉल जारी हुआ और न ही वे यहां पहुंचे। यही हाल प्रभारी मंत्री, सांसद और विधायक के साथ भी रहा। मंच पर औपचारिकता के लिए सजाई गई कुर्सियों में बुलाए गए अतिथियों की जगह जो पहुंच गया उसे ही सेहरा पहनाकर विभाग ने अतिथि बना दिया।

### विकासखंडों से इतने जोड़े हुए शामिल

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें पिथौरा एवं महासमुंद ग्रामीण से 30-30 जोड़े एवं सरायपाली, बसना, बागबाहरा, महासमुंद शहरी से 25-25 जोड़े शामिल हुए।

# यादव समाज ने थाना घेरा तो, पुलिस ने 14 दिनों बाद दर्ज की एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भैंस चोरी की शिकायत दर्ज नहीं करने से नाराज यादव ठेठवार समाज ने गुरुवार को तुमगांव थाना का घेराव किया। समाज की महिलाएं थाने के अंदर धरने पर बैठ गईं। करीब 3 घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जानकारी के मुताबिक विगत 14 मार्च को बेलटुकरी निवासी दिनेश यादव की 4 भैंसें चरने गई थीं। रात 9 बजे तक भैंसें नहीं लौटीं। खोजबीन के बाद दिनेश ने तुमगांव थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही कोई जांच की। 14 दिन तक कार्रवाई न होने से नाराज खैरझिटी, तुमगांव बिरबिरा, परसाडीह, कुकराडीह, खट्टीडीह, अमावस और आरंग के यादव ठेठवार समाज ने थाना घेराव कर दिया। यादव समाज के नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, दिनेश यादव, सोमनाथ यादव, नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, मनोज यादव, सचिन यादव, संतोष यादव, लव यादव, घना यादव, खमतरीय आग गुलाब यादव, संतोष पाल सचिव दुग्ध संघ महासमुंद, रौशन यादव, घनश्याम यादव, ठाकुर राम यादव, अमन यादव, भगेलू यादव, बलदाऊ यादव, सोहन यादव, राम प्रसाद यादव, पतिराम यादव, कमलेश यादव, मोहन यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस भैंस चोरों को बचा रही है। एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने कहा कि प्रार्थी के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान गांव वालों की मदद से की जा रही है।

### शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने मेन रोड सारंगढ़ ग्राम बोंदा तालाब के पास शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की। पुलिस नेबताया कि मेन रोड सारंगढ़ ग्राम बोंदा तालाब के पास सुदर्शन श्रीवास पिता गंगाराम श्रीवास (42 वर्ष) केंदुवा लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहा था। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# ससुराल वालों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा में एक विवाहिता के साथ उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर दी। प्रार्थिया खिलेश्वरी सिन्हा ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह ग्राम सरकड़ा थाना पिथौरा के निवासी मनीराम डडसेना के साथ वर्ष 2024 में सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था । विवाह के 02-03 माह बाद मेरे पति वाद विवाद करते थे। जिसकी जानकारी उसने अपने अपने पिता एवं परिवार वालों को दी। तब पिता भूखन लाल सिन्हा 5 जनवरी 2025 को मायके रायपुर लेकर गये, इसके बाद वह 5 फरवरी को वापस अपने ससुराल सरकड़ा गई। कुछ समय बीतने के बाद उसके पति के द्वारा फिर गाली गलौज किया जाने लगाऔर 26 मार्च की रात 9 बजे विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा जिसे सुन उसके ससुर उदेराम डडसेना, सास भोगबाई, देवर देवशंकर एवं देवरानी गनीता सभी ने एक राय होकर आज तुझे जान से मार देंगे कहते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद वह पड़ोस के लोकप्रकाश के घर दौड़ कर गई और डॉयल 112 में कॉल कर पुलिस को बुलाई। पुलिस द्वारा समझाइश देने पर मेरे ससुराल में रात में रही। पिथौरा थाने में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की प्रथम बैठक में सदस्यों से लिए गए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की प्रथम बैठक बुधवार 26 मार्च 2025 को संबलपुर (ओडिशा) के निकट डेब्रीगढ़ नामक रमणीय स्थल पर हुई। बैठक की अध्यक्षता संबलपुर संभाग के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने की। आनंद सिंह के स्वागत भाषण एवं संभाग की उपलब्धियों की जानकारी के बाद विभन्न नगरों से आए उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा क्रम से अपने सुझाव व प्रस्ताव दिए गए। महासमुंद के पारस चोपड़ा द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कार्य की प्रगति पर असंतोष जाहिर किया गया, जिस पर रेल प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कार्य पूर्ण कर दिए जाने का विश्वास व्यक्त किया गया। इसी क्रम में प्लेटफार्म नंबर 2 पर्याप्त शौचालय की मांग पर भी रेल प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। पारस चोपड़ा ने अपनी बात रखते हुए गांधीधाम पुरी/गांधीधाम एक्सप्रेस एवं पुरी-सूरत-पुरी एक्सप्रेस के ठहराव का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर संभागीय प्रशासन ने रेल मुख्यालय को प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी। अंत में श्री चोपड़ा ने स्टेशन परिसर में समुचित पार्किंग एवं अवांछित लोगों के प्रवेश पर नियंत्रण की मांग रखी, जिस पर भी सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। महासमुंद से ही लूनकरन जैन ने भी बैठक में भाग लिया, उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 2 के समतलीकरण, प्लेटफार्म में पशुओं की आवाजाही पर रोक एवं आरक्षण विंडो का समय रात्रि 8 बजे तक किए जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। साथ ही श्री जैन ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा, ओवरब्रिज का आगमन एवं निर्गमन द्वार प्लेटफार्म के बाहर भी हो, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। अन्यथा की स्थिति में कई बार यात्री जब 2 नंबर प्लेटफार्म की ओर से एक नंबर प्लेटफार्म बाद के टिकट खिड़की में आता है तो उसे बिना टिकट समझा जाता है। बैठक में संबलपुर संभाग के प्रत्येक विभाग के संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक का संयोजन गरिमा तिवारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संबलपुर एवं संयोजक उपभोक्ता सलाहकार समिति ने कुशलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से किया।

### सर्व हिंदू समाज के सदस्यों ने दोबारा संचालन होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# प्रीमियम मदिरा दुकान को नए सत्र से हटाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सर्व हिंदू समाज द्वारा एसडीएम व सीएमओ को ज्ञापन देते हुए आगामी 30 मार्च, 6 अप्रैल एवं 12 अप्रैल को मंदिर के सामने व स्कूल के पास स्थित प्रीमियम मदिरा दुकान को बंद रखने एवं नवीन टेंडर में दुकान के स्थान परिवर्तन करने के संबंध में ज्ञापन सौंपकर दोबारा मंदिर के सामने व स्कूल के पास फिर मदिरा दुकान संचालन किए जाने पर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में सर्व हिंदू समाज व अन्य हिंदू संगठन से जुड़े पदाधिकारीयों क्रमशः केशव अग्रवाल, मयंक पाणिग्रही, गणपत पटेल, गुड्डु जायसवाल, बब्लू पटेल, पंकज अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, वेंकटेश वर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि उक्त दिनांक को हिंदू नववर्ष, रामनवमीं एवं हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम है। उक्त दिनों में मदिरा दुकान को बंद रखने की अपील करते हैं। वहीं इस प्रीमियम शराब दुकान के ठीक सामने हनुमान मंदिर है। उस मंदिर में प्रतिदिन सुबह -शाम अनेक भक्तगण व श्रद्धालु पूजा पाठ व



पूजा अर्चना करने आते हैं। मंदिर के ठीक सामने शराब दुकान होने से हमेशा यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीकर गाली गलौच व शांति भंग भी करते हैं। इससे ठीक सामने मंदिर में पूजा अर्चना करने आए महिलाओं में असुरक्षा की भावना बने होने के कारण गंदे माहौल के कारण कई महिलाएं मंदिर नहीं आ पाती हैं। मंदिर के सामने प्रीमियम मदिरा दुकान के होने से हमारी आस्था व पूजा अर्चना बाधित व अपमानित होती है। लगातार वहां मदिरा विक्रय होने से आसपास गंदगी एवं आसामजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है। मुख्य मार्ग में दुकान होने से शहर की सुंदरता एवं मान की भी हानि होती है। प्रीमियम मदिरा दुकान मंदिर से 50 मीटर से भी काम दूरी में स्थित है, जो कि आबकारी नियम एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी यह उलंघन करता है। ज्ञापन में कहा गया है कि आगामी हिंदू त्योहारों को देखते हुए व शांति व्यवस्था कायम रह सके। इसके लिए आगामी 30 मार्च, 6 अप्रैल एवं 12 अप्रैल को प्रीमियम मदिरा दुकान को बंद करने की मांग की है। नवीन टेंडर के समय उक्त दुकान को अन्यंत्र स्थापित किए जाने की मांग की है। नए सत्र के दौरान यदि पुनः उसी स्थान पर उक्त शराब दुकान का संचालन किए जाने पर सर्व हिंदू समाज व अन्य सभी हिंदू संगठन इसका जबरदस्त विरोध करेंगे। अन्यथा की स्थिति में इसके लिए स्वयं प्रशासन जिम्मेदार होगा।



# मांगों को लेकर जनपद पहुंचे ग्रामीण, नहीं मिले सीईओ

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम पंचायत गोहेरापाली व अन्य पंचायत के ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर तेज धूप में भी सीईओ कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन, घंटों इंतजार के बाद भी ग्रामीणों की सीईओ से मुलाकात नहीं हो सकी। जबकि, सीईओ के घंटों किसी मीटिंग में होने की बात कही जा रही थी। आखिरकार ग्रामीणों को थक हार कर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जनपद उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा कर वापस जाना पड़ा, जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त रहा।

## खबर संक्षेप



### सिंधु संस्कार की स्कूटर रैली में 2000 से अधिक महिलाएं हुईं शामिल

**रायपुर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव, चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने भव्य महिला स्कूटर रैली निकाली, जिसमें 2000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, यह देश की सबसे बड़ी रैली का कीर्तिमान बना। सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला अध्यक्ष डिंपल शर्मा भावना चांदनी ने बताया, स्कूटर रैली मां वैभवलक्ष्मी मंदिर मांढर वाली माता एवं सिंधु अमरधाम चकरभाठा की भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई। यह रैली सिंधु पैलेस से प्रारंभ हुई, जहां शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी महिलाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, तत्पश्चात पंचायत के पदाधिकारी एवं मुखी गणों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान अशोक नेनवानी, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अशोक माखीजा, भारत रामानी, सतीश छुगानी, अशोक मालानी एवं विकास रूपरेला, महेश रोहरा, राजा बजाज, झामन दास बजाज एवं अन्य सभी मुखी शामिल थे, रैली बीटीआई चौक से तेलीबांधा पहुंची, जहां अजीत कुकरेजा एवं पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### डॉल्फिन सोसाइटी का निरीक्षण कचरा संग्रहण और पानी समस्या के जल्द समाधान के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने गुरुवार को जोन आयुक्त और निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉल्फिन ज्वेलो सोसाइटी का निरीक्षण किया। इस दौरान सोसाइटी के सचिव एस. दासगुप्ता और कुछ निवासियों के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणऔर नगर निगम से पेयजल लाइन उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। निगम आयुक्त ने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पानी की समस्या को लेकर आयुक्त ने बताया कि इसकी जांच और विश्लेषण के लिए एक तकनीकी टीम नियुक्त की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर पानी की लाइन के कनेक्शन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। विदित हो, पिछले सप्ताह डॉल्फिन सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर पानी और कचरा संग्रहण की समस्याओं से अवगत कराया था। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त और जोन आयुक्त ने सोसाइटी का दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

### चाकूबाजी-मारपीट के आरोप में पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने चाकूबाजी तथा मारपीट के पुराने मामले में एक युवती, उसकी मां सहित पांच लोगों को गिरफतार किया है। सद्दाम अहमद की शिकायत पर पुलिस ने मुस्कान रात्रे, मीरा रात्रे, रोशनी रात्रे, अंकुश रात्रे और विकास रात्रे को गिरफ्तार किया है। पांचों के खिलाफ सद्दाम ने 19 जनवरी को घर जाने के दौरान रास्ते में रोककर मारपीट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

### कांसाबेल व्यपवर्तन योजना के लिए 16.58 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखंड-कांसाबेल की व्यपवर्तन योजना के लिए 16 करोड़ 58 लाख 48 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना से करीब 968 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

# 10 साल बाद नेशनल रैंकिंग में भाग लेगा एचएनएलयू, छग का एक भी विवि शीर्ष-100 में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि नेशनल रैंकिंग में हिस्सेदारी की तैयारी कर रहा है। संस्थान मौजूदा वर्ष में एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भाग लेगा। इस रैंकिंग के जरिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति तय की जाती है।

2015 में इाकी शुरुआत से लेकर अब तक प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय शीर्ष-100 में भी अपनी जगह नहीं बना पाया है। आईआईएम, एनआईटी अपनी श्रेणियों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, लेकिन ओवरऑल परफॉर्मेंस में छग सामान्यतः पीछे ही रहा है। विधि विवि अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। यदि वह इस वर्ष एनआईआरएफ में भागीदारी करता है तो यह पहली बार होगा, जब वह इसमें शामिल होगा। हालांकि विविध प्लेटफॉर्म पर विधि विवि की पृथक रूप से होने वाली रैंकिंग का एचएनएलयू हिस्सा रहा है।

एनआईआरएफ में शैक्षणिक संस्थान द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, शैक्षणिक गुणवत्ता, रिसर्च सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण करने के बाद रैंक प्रदान किए जाते रहे हैं।

- 2015 में हुई थी नेशनल रैंकिंग की शुरुआत, विधि विवि अब तक बनाता रहा है दूरी
- आईआईएम, एनआईटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान होते हैं प्रतिवर्ष शामिल



**हिस्सेदारी की तैयारी**

हम एनआईआरएफ में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ हिस्सा लेने से बेहतर है कि सभी मापदंडों में श्रेष्ठ होने के बाद इसका हिस्सा बना जाए। **-प्रो.वीसी विवेकानंदन,** कुलपति, एचएनएलयू

**एमएचआरडी करता है रैंकिंग**

2015 में एमएचआरडी (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा इसे शुरू किया गया था। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए एक पद्धति है यह भारत सरकार की एक पहल है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। यह संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों और ज्ञान के क्षेत्रों में रैंक करता है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक अधिकतर प्रदेश के अधिकतर शैक्षणिक संस्थान इसका हिस्सा बनते आए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि, केंद्रीय विवि, दुर्ग विवि और प्रदेश के अन्य शासकीय विश्वविद्यालय पिछले 15 सालों में एक बार भी शीर्ष-100 में शामिल नहीं हो सके हैं। विगत कुछ वर्षों से प्रदर्शन अधिक खराब हुआ है। कई विवि शीर्ष-150 से भी बाहर हो गए हैं।

## बिना रायल्टी पर्ची काटे दूसरे जिले में भी जा रहीं गाड़ियां

# आरंग-अभनपुर क्षेत्र में अनुमति बिना खदानों में चल रहा रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद से रायपुर जिले में एक बार फिर रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी हो गया है। जिले के आरंग और अभनपुर क्षेत्र में कई खदानों में खनिज और पर्यावरण विभाग से अनुमति लिए बिना रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

वहीं उत्खनन के बाद रेत को हाईवा में मशीनों से लोड कराकर बिना रॉयल्टी काटे रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों में भी भेजा जा रहा है। इससे प्रशासन को हर दिन करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किया जाता है, लेकिन हकीकत में विभागीय की टीम द्वारा अब तक खानापूर्ति कार्रवाई ही गई है, जिसके कारण रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं।

खास खबर



**13 में 8 खदानों को ही एनओसी**

रायपुर जिले में 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। इसमें से 8 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन की अनुमति मिली हुई है, वहीं 5 खदानों को अब तक अनुमति नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी सभी खदानों में रेत का उत्खनन किया जा रहा है। जिन खदानों को अनुमति नहीं मिल पाई है, उनमें ज्यादातर आरंग क्षेत्र की हैं। हालांकि अभनपुर क्षेत्र में भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

**कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश**

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार बढ़ रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

**निरीक्षण के बाद की जा रही कार्रवाई**

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की कुछ शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के आधार पर जिले में पिछले दो सप्ताह के दौरान निरीक्षण कर कार्रवाई भी की गई है। कार्रवाई की विस्तृत जानकारी 31 मार्च के बाद ही दे पाएंगे।
**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

**नदी के उस पार का ठेका उत्खनन रायपुर सीमा क्षेत्र में किया जा रहा**

अभनपुर क्षेत्र में ग्राम दुलना में नदी किनारे से रेत का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह उत्खनन नदी के उस पर धमतरी जिले के ग्राम चमसुर खदान के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। चमसुर खदान में गाड़ियां जाने का रास्ता नहीं है, इसलिए ठेकेदार द्वारा ग्राम दुलना में चेनमाउंटेन मशीन के माध्यम से उत्खनन कराया जा रहा है। हाईवा गाड़ियों में लोडिंग कराने के बाद हर दिन गाड़ियां अभनपुर क्षेत्र से दुर्ग और धमतरी की ओर जा रही है। उल्लेखनीय है कि चालू माह में ही दुलना से रेत लोडिंग कराकर निकली दो हाईवा ग्राम गिलौरा स्थित अंबेडकर चौक के पास पंचर हो गई थी। इसकी सूचना विभाग को भी दी गई थी, लेकिन टीम के मौके पर पहुंचने से पहले दोनों गाड़ियों के चालक पंचर बनाकर वहां से फरार हो गए। विभागीय अधिकारियों ने हाईवा के नंबर के आधार पर गाड़ियों का पता लगाकर कार्रवाई करने की बात कहीं थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

## विश्व शांति महायज्ञ : निकली कलश यात्रा, साधु-संतों ने किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के गॉस मेमोरियल मैदान में गुरुवार को विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और साधु-संतों का नगर भ्रमण तथा भजन-कीर्तन का दिव्य आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के कोने-कोने से आए सैकड़ों साधु-संतों, भक्तों और आध्यात्मिक विदुषियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महिमा अलेख और भजन-कीर्तन के साथ राष्ट्रीय संत बाबा उदयनाथ के पुण्य उपस्थिति और अगवाई में किया जा रहा है। सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति को समर्पित यह महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा। सैकड़ों युवा यहां नशे की आदत त्यागने की शपथ और नशे की आहुति देने का संकल्प लेंगे। महिलाएं, पुरुष और युवा, भक्त निस्वार्थ भाव से सेवाकार्य में जुटे हैं, जिससे पूरे मैदान में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली, समृद्धि, सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना है।

**चारों ओर शांति और भक्ति का माहौल**

विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, यह एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और गरिमामयी आयोजन है, जिसमें देशभर सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए साधु-संतों और भक्तों की उपस्थिति इसे अद्वितीय बना रही है। यहां चारों ओर शांति और भक्ति का वातावरण है, जो सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। अगले दो दिनों तक यज्ञ, भजन-कीर्तन, धर्मोपदेश और सामूहिक संकल्प कार्यक्रम जारी रहेंगे। सभी धर्म, संप्रदाय और समाज के लोगों से इस आयोजन में सहभागी बनने और विश्व शांति व सद्भावना के संदेश को फैलाने का अनुरोध किया गया है। यह महायज्ञ तीन दिवसीय 27 से 29 मार्च तक जारी रहेगा।

## पौनी-पसारी मार्केट में लौटी रौनक, सड़क तक पसरा लगाने वालों की अब शिफ्टिंग



अव्यवस्था : रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल
पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हरिभूमि ने उरकुरा मार्ग तक सब्जी बेचने वालों के मामले को किया था प्रकाशित

बिरगांव निगम के उरकुरा मुख्य मार्ग पर सब्जी बेचने के लिए पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वाले लोगों को रोज ट्रैफिक जाम से रूबरू होना पड़ता था, जबकि इनके लिए पौनी-पसारी के तहत बस्ती में ही बनवाए गए मार्केट में चबूतरे का आबंटन होने के बाद भी लोग जाने को तैयार नहीं थे। मामले को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने सब्जी बेचने वालों की शिफ्टिंग करवाई है।

रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजनाओं का दो साल से ऐसा हाल..,पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी शीर्षक से हरिभूमि ने 27 जून को खबर भी प्रकाशित की थी। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदारों ने चबूतरे का आबंटन करने के बाद फाइल दबा दी थी। नए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वासा के ज्वॉनिंग के बाद क्षेत्र के लोग प्रकाशित की गई खबर की कटिंग को लेकर आयुक्त के पास लगातार शिकायत दर्ज कराई। आयुक्त ने बताया कि लोगों की समस्या और समाचार में उठाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए जिन लोगों को चबूतरा आबंटित किया गया था।

उन सभी लोगों को पहले नोटिस जारी किया गया, उसके बाद भी लोग सड़क तक पसरा लगाते रहे। इसे देखते हुए कुछ दिनों पहले जुर्माना की कार्रवाई करते हुए मार्केट में बनवाए गए चबूतरे में शिफ्टिंग के लिए दबाव बनाते हुए व्यवस्था बहाली के लिए कार्रवाई की गई है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

## चैंबर चुनाव में प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन, 3 जिलों में होगा मतदान

- प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए सिंगल नाम, निर्विरोध होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से यह सूची जारी हुई। इसमें चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम आने से इन प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है, इसलिए मतदान और मतगणना होने तक आचार संहिता लागू है। जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है, वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के बाद प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं। इसीलिये स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार-प्रसार न करें। नामांकन वापसी के बाद प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी है, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए निकेश बरडिया का नाम प्रत्याशी के रूप में शामिल है। इसीलिए इन पदों के लिए चुनाव नहीं होंगे और निर्विरोध निर्वाचन होगा।

सरगुजा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 353 मतदाता मतदान करेंगे। इस पद के लिए मुकेश कुमार अग्रवाल और अजीत अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसी तरह रायगढ़ जिला मंत्री पद के लिए 1171 मतदाता मतदान करेंगे। जिला मंत्री पद के लिये शक्ति अग्रवाल और भरत लाल वलेचा प्रत्याशी हैं। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष पद के लिये 479 मतदाता मतदान करेंगे इसके लिए प्रवीण अग्रवाल और संजय अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसके अलावा कबीरधाम,जशपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलों से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिये नामांकन नहीं भरे गए हैं। इसलिये यह पद निरंक रहेंगे।

29 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के लियेआवेदन लिया जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल को समय शाम 6:00 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

- मतगणना तक लागू रहेगी आचार संहिता

*जिला रायपुर के लिए प्रत्याशियों के नाम :*
*जिला उपाध्यक्ष पद हेतुः लोकेश जैन, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल।*
*जिला मंत्री पद के लिएः रविन्द्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना।*

**इन प्रत्याशियों के नाम में प्रथम जिला उपाध्यक्ष एवं द्वितीय जिला मंत्री पद के लिए है**

0 बालोद - संजोग टावरी, स्वाधीन जैन
0 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर : पंकज जैन, संजीव कुमार ताम्रकार.
0 कांकेर- अशोक कुमार राठी, महेश कुमार भोजवानी
0 कोरबा - जगदीश सोनी, कोई प्रत्याशी नहीं
0 कोरिया-अजय कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा.
0 गरियाबंद- अशोक सिंह राजपूत, अरुण कुमार मिश्रा.
0 दंतेवाड़ा-ओमप्रकाश सोनी, डुंगरमल सोनी
0 दुर्ग-अशोक राठी, दीपक चोपड़ा
0 धमतरी-दिनेश कुमार रोहरा,आलोक पांडे
0 बिलासपुर- नवदीप सिंह अरोरा, अनिल वाधवानी
0 बेमेतरा- केशव दास मोटवानी, चंदन सोनी
0 बलोदा बाजार- भाटापारा,श्रीचंद छाबडिया, सुभाष भट्टर
0 जिला भिलाई,चैंबर जिला- अनिल अग्रवाल,मनोहर कृष्णानी
0 मुंगेली- प्रेम आर्य,प्रवीण वैष्णव.
0 राजनांदगांव-आलोक बिन्दल, तरुण लहरवानी.
0 जांजगीर- चांपाः- विशाल केडिया, जीतेन्द्र कुमार चंद्राकर.
0 सक्तीः- शंकरलाल अग्रवाल, दिनेश शर्मा.
0 सारंगढ़ -बिलाईग- मुकेश कुमार अग्रवाल, कोई प्रत्याशी नहीं.
0 सूरजपुर- अशोक कुमार अग्रवाल, रौनक जैन।

# जालसाजी की रकम ठिकाने लगाने में मददगार म्यूल अकाउंट होल्डर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिजिटल अरेस्ट, गूगल रिव्यू, शेयर ट्रेडिंग जैसे अन्य ऑनलाइन तरीकों से साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने म्यूल अकाउंट खोलकर मदद पहुंचाने वाले 101 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने अलग-अलग बैंकों में फर्जी दस्तावेज के माध्यम से अकाउंट खुलवाकर जालसाजों को किराए पर दे दिया था। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में एक करोड़ 57 लाख रुपए के 930 ठगी के अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार म्यूल अकाउंट के खाताधारकों के बैंक में जमा एक करोड़ छह लाख रुपए होल्ड कराया है।



**इन थाना क्षेत्र में इतने अपराध दर्ज**

- आजाद चौक - ओवरसीज बैंक के 21 म्यूल अकाउंट होल्डर
- गंज थाना - कर्नाटका बैंक के 41 म्यूल अकाउंट होल्डर
- टिकरापारा थाना - रत्नाकर बैंक के 54 म्यूल अकाउंट होल्डर
- कोतवाली थाना - कोटक महिंद्रा बैंक के 41 म्यूल अकाउंट होल्डर
- सिविल लाइंस - बैंक ऑफ महाराष्ट्रा के 128 म्यूल अकाउंट होल्डर

पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत अभियान चलाकर टिकरापारा, सिविल लाइन, गंज, कोतवाली, आजाद चौक थाना क्षेत्र में संचालित अलग-अलग बैंकों में म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले 11 सौ अकाउंट की जांच की। जांच में 101 लोगों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस की 20 टीम बनाकर अकाउंट खुलवाने वाले लोगों के ठिकानों में दबिश देकर उनकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने यह कार्रवाई साइबर क्राइम पोर्टल की जांच के बाद रेंज साइबर पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है।

**गंभीर अपराध में संलिप्त बदमाश दबोचे गए**

पुलिस ने म्यूल अकाउंट खुलवाने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें कई हत्या, बलवा, एनडीपीएस, जुआ जैसे अपराध में पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को एक ही दिन में अभियान चलाकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों को पुलिस लाइन में एकत्रित कर कोर्ट में पेश किया गया।

## हमें अनाथ करने वालों को दें फांसी मेरे सामने की गई थी बेटे की हत्या

- पत्रकारवार्ता में माता-पिता व बहन ने सुनाई व्यथा, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में नशेड़ियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वे पुलिस से भी नहीं डरते। न्यू चंगोराभाठा स्थित शिव मंदिर के पास रोज गांजा पीने के लिए जमा होने वाले नशेड़ियों को मेरा बेटा सचिन बडोले मंदिर के पास नशाखोरी करने से मना करता था। यह कोई अपराध तो नहीं है, लेकिन आरोपियों ने मेरी आंखों के सामने ही 30 दिसंबर को बेटे सचिन और उसके दोस्त कृष्णा यादव के सिर पर पत्थर पटकर हत्या करके हमें बुढ़ापे में अनाथ कर दिया।

राजधानी में इस तरह की घटना दोबारा न हो, अपराधियों में खौफ पैदा हो इसलिए आरोपियों को न्यायलय फांसी की सजा दे, यही मांग पत्रकार वार्ता के माध्यम से करने के लिए आया हूं। गुरुवार को यह गुहार पीड़ित पिता धनराज, मां चन्द्रलेखा और बहन सपना बडोले ने वार्ता के माध्यम से लगाई। न्यायालय से अपील किया कि मै हार्ट पेशेंट और पत्नी लकवा पीड़ित है। दोनों बेटियां भी शारीरिक रूप से कमजोर हैं। ऐसी स्थिति में सचिन परिवार का इकलौता सहारा था। 70 की उम्र में हमें बेसहारा करने वालों को फांसी की सजा दी जाए। ताकि जो पीड़ा हमें हो रही है। उस तरह की स्थिति किसी अपराधी की वजह से शहर के किसी दूसरे माता-पिता और परिवार को न देखना पड़े। हत्या करने वालों को फांसी की सजा मिलने से दूसरे अपराधियों में भय की स्थिति बने, हमारी यही मंशा है।

**खबर संक्षेप**

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से किया अनाचार



**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से रेप कर गर्भवती बनाने के आरोपी को गोलबाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवती ने पद्मलोचन जगत के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप तथा गर्भवती करने की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पद्मलोचन पुलिस को लगातार चकमा देकर भाग रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पद्मलोचन को गिरफ्तार किया है।

## सौ से ज्यादा पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

**रायपुर।** जिले में एसआई, एएसआई, हेड कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल सहित 121 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। यह फेरबदल एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के आदेश पर किया गया है। तबादला सूची में लंबे समय से रिजर्व बल में तैनात पुलिसकर्मियों को थानों में जिम्मेदारी दी गई है। इससे शहर के थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल की सहायता मिलेगी और पुलिसिंग में सुधार की उम्मीद है। थानों में फोर्स की कमी और लंबे समय से एक ही जगह तैनात पुलिसकर्मियों के रोटेशन के चलते यह फेरबदल किया गया है।

## एनडीपीएस एक्ट का दिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने में गुरुवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार गृहमंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से एनसीबी के जोनल निदेशक रविशंकर जोशी तथा एसपी अनिल कुमार एवं अभियोजन अधिकारी भुवन साहू ने ड्रग्स के प्रकार, नशीले पदार्थों का वर्गीकरण, इस संदर्भ में फायनेशियल (आर्थिक) अन्वेषण, इसका निष्प्रयोजन, जब्ती एवं संकलन तथा निराकरण की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

## पारा 40 पार... जारी रहेगी बढ़ोतरी

**रायपुर।** मार्च अंत से पहले ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को रायपुर का तापमान 40 डिग्री पार कर गया। इस वर्ष यह पहली बार है, जब पारा 40 डिग्री के ऊपर चढ़ गया। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23 :शेष पेज 15 पर डिग्री रहा, जो सामान्य से मात्र 0.4 डिग्री ज्यादा है। अधिकतम तापमान के न्यूनतम तापमान से लगभग दोगुने होने के कारण लोगों को एक ही दिन में कई तरह के ताप से गुजरना पड़ रहा है। इसके चलते स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें भी बढ़ी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण निर्मित हुई है। एक पश्चिमी विक्षोभ 5.8 किलोमीटर ऊंचाई में 62 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर बने रहने की संभावना है। इसके बाद अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# बिरकोनी में महिलाओं व बालिकाओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी के खल्लारी पारा स्थित आदिशक्ति मां खल्लारी देवी मंदिर के पुनर्निर्माण पर दो दिवसीय अनुष्ठान किया जा रहा है। प्रथम दिवस कलश शोभायात्रा निकाली गई। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवनिर्मित मंदिर परिसद से शुक्रवार दोपहर 3 बजे गांव की महिलाओं व बालिकाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर ग्राम के मुख्य मार्ग से यात्रा का शुभारंभ किया। भव्य कलश शोभायात्रा खल्लारी मंदिर से निकाली गई। बाजार चौक, साहू पारा, राम मंदिर चौक से शीतला तालाब में विधि विधान से कलश में जल अर्पित किया। फिर पटेल भवन से होते हुए सुभाष चौक से मंदिर स्थल पर पहुंची। प्रभातफेरी में भक्तों ने गाजे बाजे के साथ भगवाधारी सनातन सेवा धर्म समिति के सदस्यों ने भगवा ध्वज लहराया। जयकारे भी लगाए। चौक चौराहो में फाटकों के साथ आतिशबाजी की गई। धार्मिक गीतों के गूंजायमान से श्रद्धालु जमकर झूमते रहे। आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के जाप से परंपरागत गौरी गणेश की पूजा अर्चना की गई। आचार्य ने बताया कि मां खल्लारी देवी हमारे आराध्य देवी है। ग्राम के पावन धाम में भव्य मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता के दर्शन के लिए आते हैं। शनिवार को मंदिर में शिखर स्थापना व ध्वजारोहण, यज्ञ पूर्णाहूति का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच चंदन चंद्राकर, दामोदर चंद्राकर, तुकेश साहू, केशव साहू, झड़ीराम साहू, नारायण साहू, टकेश्वर सेन, बुधारू साहू, दुष्यंत साहू, राजा पटेल, डोलू साहू, भगवत पटेल, पवन साहू, गोकुल कोतवाल सहित ग्रामीणों की उपस्थिति थी।

# लाफिनकला में धूमधाम से मनाया कर्मा जयंती

## कलश यात्रा का सभी समाज ने किया स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम लाफिनकला में बुधवार 26 मार्च को साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई। यह कार्यक्रम गांव के शांति चौक में हुआ। पूजा अर्चना के पश्चात कलश यात्रा का सभी समाज के लोगों ने गलियों व चौक-चौराहों में भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा के पश्चात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम लाफिनकला में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की नही, बल्कि सभी समाज के लिए पूज्य है। जिस प्रकार कर्मा माता की कठिन तपस्या व भक्ति से भगवान प्रसन्न हुए। वैसे ही हमें भी कुछ ऐसे कार्य करना चाहिए, जिससे अपनी अलग पहचान बन सके।

विधायक योगेश्वर सिन्हा ने सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख रुपए की घोषणा भी की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के सदस्य रवि फिरोदिया ने भी सभा को संबोधित किया। मंच का संचालन गोवर्धन प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य महेंद्र साहू, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष पवन पटेल, पिटियाझर सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश साहू, स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, पूर्व जनपद सदस्य किशन देवांगन, साहू समाज के पूर्व तहसील अध्यक्ष मुन्ना साहू, शेर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष डा. सुन्दर साहू, पूर्व अंकेक्षक अशोक साहू, ग्राम पंचायत शेर के सरपंच हरेंद्र साहू, ग्राम पंचायत लाफिनकला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेन्द्र साहू, पंचगण नरेंद्र पटेल, डुमन लाल साहू, कुश पटेल, गुंजा हरीश साहू, चुनेश्वरी बिसेसर साहू, सविता शंकर साहू, मोहित साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार साहू, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष हेमूराम साहू, सचिव तोषकुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष केतन साहू, पवन साहू, बुजुर्गगण जगदीश साहू, भुवन साहू, रामू साहू, अनूपराम साहू, सुकदेव साहू, हरिराम साहू, रामजी साहू, पंचराम साहू, जीवराखन साहू, जनक राम साहू, गोवर्धन साहू, कमलेश साहू, सुखीराम साहू, नीरज साहू, पूनमचंद साहू, नेतन पटेल, मोहन पटेल, बिसाहू निषाद, महेंद्र पटेल, अरूण मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शाम 6 बजे से मानसगान व रात्रि में फाग मंडली बकली जिला धमतरी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह जानकारी गोवर्धन साहू ने दी।

# पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत रसोइयों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का प्रशिक्षण मा.स.गो. शा.उ.मा. विद्यालय में आयोजित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक डीएन दीवान एवं विखं समन्वयक (समग्र शिक्षा) सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर कैलाश चंद्र पटेल, लाल भूषण पाढ़ी, किशोर पटेल, नरेश नायक, प्रभात मांझी, कामता पटेल, सुशील कुमार चौधरी, ऋषि कुमार प्रधान संकुल समन्वयकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा रसोइयों को विभिन्न प्रकार की सावधानियां के साथ साफ-सफाई के बारे में बताया गया। जिसमें परिसर की सफाई, बर्तन की सफाई, भंडारण कक्ष की सफाई, स्थल में लकड़ी का रखरखाव, खाद्य सामग्री के साथ लकड़ी नहीं रखना, खाद्य सामग्री परीक्षण, चावल की सफाई, निगरानी में चावल रखना, मौसम के अनुसार पौष्टिक भोजन, मीनू के आधार पर उपलब्धता के अनुसार, भोजन बैठकर बनाना, बच्चों को एक साथ कतार में बिठाना, बच्चों को निगरानी में भोजन करना रसोईयों को सामग्री घर ना ले जाना, प्रधानमंत्री पोषण राशि के आधार पर पोहा नहीं खिलाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के सुव्यवस्थित संचालन के लिए राजेश कुमार पटेल, रूपेश कुमार महापात्र संकुल समन्वयकों का सहयोग सरहनीय रहा। जन सहयोग लेकर नेवता भोज का आयोजन करना आदि। विभिन्न बातों पर दिशा निर्देश दिए गए। रसोइयों द्वारा भी प्रशिक्षण से जाकर कार्य स्थल पर पालन करने की बात कही गई।

# गायत्री मंदिर ट्रस्ट समिति की हुई बैठक



**महासमुंद।** शांतिकुंज के केंद्रीय प्रतिनिधि मुकेश अदलखा की उपस्थिति में गायत्री मंदिर महासमुंद के ट्रस्टियों की देवपूजन पश्चात केंद्रीय प्रतिनिधि का स्वागत किया गया। गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से से बैठक प्रारंभ हुई। श्री अदलखा द्वारा देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के छात्र-छात्राओं को संस्कारवान बनाने के लिए शिक्षा स्टाफ एवं गायत्री परिवार के कार्यकताओं को सहयोग करने के लिए अपील की। श्री अदलखा द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर मिशन के गतिविधियों को संचालित करने की बात रखी। वर्ष 2026 में माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष मनाने के लिए उपदेश दिए। बोधराम साहू मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, नरेंद्र नायक सहायक प्रबंध ट्रस्टी, देव संस्कृति विद्यालय के अध्यक्षा शशिप्रभा थिटे एवं देव संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरि सहित अन्य परिजनों ने एक स्वर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सहमति दी एवं मिशन के कार्य को मिलजुलकर करने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त एलके मेश्राम, रिखीराम साहू, विश्राम साहू, जगमोहन साहू, शांतुलाल साहू, हीरालाल साहू, राधेश्याम चंद्राकर, कैलाश साहू, धनवंतरी सिन्हा, बिसौहाराम साहू, लाल जी साहू, दुष्यंत साहू, धनीराम चकधारी, नीलाराम ठाकुर, अजय साहू, सुकालू निषाद उपस्थित रहे।

**म्यूनिसिपल बांड पर मचेगा हंगामा**

# सामान्य सभा की बैठक आज, 2000 करोड़ का बजट पेश करेंगी मीनल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में डेढ़ दशक बाद भाजपा की बहुमत वाली सामान्य सभा की पहली बैठक शुक्रवार को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसमें महापौर मीनल चौबे 2000 करोड़ के फायदे का बजट पेश करेंगी। निगम की बजट सभा में शहर के 3 स्थानों पर नई पानी टंकी का निर्माण, जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए लाया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा आय के स्त्रोत बढ़ाने पहली बार म्यूनिसिपल बांड लाने की तैयारी है। बैठक में इस एजेंडे पर हंगामे के आसार हैं। महापौर मीनल चौबे 28 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 का निगम बजट प्रस्तुत करेंगी। यह बजट पिछले बार के बजट की तुलना में 100 करोड़ ज्यादा का रहेगा। साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने 1901 करोड़ रुपये का निगम बजट सदन में पेश किया था, जबकि वर्ष 2023-24 का निगम बजट 1608 करोड़ का रहा। शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे ने अपने बजट में शहर के ट्रैफिक सिस्टम सुधारने 25-25 करोड़ रुपये की 2 मल्टीलेवल पार्किंग, सुगम आवागमन के लिए रायपुर से महादेवघाट मार्ग में गौरवपथ, शहर के 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वूमन हास्टल बनाने 48 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

### *सामान्य सभा में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव*

*नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में 10 जोनों के पुनर्गठन का प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा सकता है। प्रत्येक जोन में 7-7 वार्ड होंगे। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता वाली एमआईसी बैठक में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव गुरूवार को पारित किया गया। अब यह प्रस्ताव शुक्रवार को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में मंजूरी के लिये लाने की तैयारी है। सामान्य सभा की शुरुआत में 1 घंटे का प्रश्नकाल रहेगा।*

### *200 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड*

*सामान्य सभा में नगर निगम द्वारा अतिरिक्त आय के स्त्रोत जुटाने दो अलग-अलग प्रोजेक्ट में 200 करोड़ के निगम बांड लाये जाने का प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिये लाया जा रहा है। इस पर पक्ष-विपक्ष के सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। सूत्रों के मुताबिक निगम बांड को लेकर सदन में हंगामा हो सकता है।*

# नई पद्धति से पहली परीक्षा... बीकॉम में 39% फेल एमकॉम में 45% अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीकॉम और एमकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का यह प्रथम बैच है, जिनकी पढ़ाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत हुई है।



बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 8827 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 5378 ही उत्तीर्ण हो सके हैं। चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में छात्रों को अनुत्तीर्ण करने का प्रावधान नहीं है, इसलिए शेष 2 हजार 976 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। जबकि 473 छात्रों के परीक्षा परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। इनमें नकल प्रकरण, उत्तरपुस्तिका में संपूर्ण जानकारी नहीं होना, महाविद्यालयों द्वारा प्रोजेक्ट अथवा आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्रेषित नहीं करने सहित कई कारण शामिल हैं।

इस तरह से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत 60.93% रहा है। बीकॉम के साथ ही एमकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम भी रविवि ने गुरुवार को घोषित कर दिए। इस परीक्षा में 956 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 529 छात्र उत्तीर्ण रहे, जबकि 425 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। एमकॉम में सिर्फ 2 छात्र के ही नतीजे रोके गए हैं। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 55.3% रहा है। दोनों ही कक्षाओं के परिणाम रविवि ने

### सभी विषयों में फेल छात्र को भी एटीकेटी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम सेमेस्टर में सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए हैं, उन्हें भी अगले सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाना है। छात्र को वर्तमान सेमेस्टर की पढ़ाई के साथ-साथ बीते सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण विषयों की भी पढ़ाई करते हुए पर्चे हल करने होंगे। छात्रों को अनुत्तीर्ण विषयों में उत्तीर्ण होने सीमित अवसर दिए जाएंगे। इसमें भी फेल होने के बाद विद्यार्थी को फेल घोषित किया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा पद्धति में कई अन्य बदलाव भी किए गए हैं। इसमें आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट वर्क सहित कई चीजें शामिल हैं।

# 5वें दिन भी टूट पड़ी भीड़, हाउसफुल रहा अपॉइंटमेंट, रात साढ़े 9 बजे तक रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च के अंतिम सप्ताह में पंजीयन दफ्तर में बंपर रजिस्ट्री हो रही है। बुधवार की तरह गुरुवार को भी अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहा, जिससे सुबह 10 बजे से लेकर रात साढ़े 9 बजे तक लोगों की रजिस्ट्री दफ्तर में भीड़ लगी रही।

- सर्वर की समस्या हुई ठीक, लोगों को नहीं होना पड़ा परेशान

विभागीय साफ्टवेयर का सर्वर स्लो होने के कारण रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को पिछले 4 दिनों तक परेशान होना पड़ा। बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री कराए बिना लौट गए, वहीं कई लोग ऐसे भी है जो भीड़ को देखते हुए मार्च खत्म होने के बाद रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट लेने लगे हैं। हालांकि पांचवे दिन सर्वर की समस्या नहीं के बराबर रही। कुछ रजिस्ट्री के दौरान ही सर्वर की हल्की समस्या आई, जिसके कारण लोगों को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ा।

### *एक दिन में 5 करोड़ 72 लाख से अधिक की आय*

*रायपुर दफ्तर में 26 मार्च को एक दिन में 250 रजिस्ट्रियां हुई हैं। इन रजिस्ट्रियों के एवज में पंजीयन शुल्क से 2 करोड़ 13 लाख 9 हजार 45 रुपए एवं स्टाम्प ड्यूटी से 3 करोड़ 59 लाख 22 हजार 920 रुपए की आवक हुई है। इस तरह एक दिन में कुल 5 करोड़ 72 लाख 31 हजार 965 रुपए की आय विभाग को हुई है। सर्वर की दिक्कत के कारण इस दिन करीब तीन सौ रजिस्ट्रियां नहीं पाई थी, वहीं सौ से अधिक लोगों ने केंसिल भी करा लिया। अगर ये सभी रजिस्ट्रियां होती तो आय 10 करोड़ रुपए से ज्यादा होने की संभावना थी।*



### *एसआर 1 में 2 करोड़ से अधिक की आय*

*रजिस्ट्री दफ्तर में 5 एसआर कोर्ट है, जिनमें बुधवार को सबसे ज्यादा रजिस्ट्रियां 71 एसआर-2 में हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा आय 2 करोड़ से अधिक एसआर-1 से हुआ है। दूसरे दिन भी अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहे। विभागीय अधिकारी के अनुसार आज भी प्रत्येक एसआर में 127 से 130 रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट दिए गए थे। इनमें से कितने लोग रजिस्ट्री करा पाए हैं और इससे कितनी आय हुई है इसका आकड़ा एक दिन बाद ही मिल पाएगा।*

### *सर्वर की समस्या नहीं रही*

*लगातार दूसरे दिन भी पांचों एसआर में अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहे। सर्वर की समस्या आज नहीं रही, जिससे आसानी से रजिस्ट्रियां हुई हैं।* - **विनोज कोचे**, *मुख्य पंजीयक रायपुर*

# स्काई वॉक का नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे अरसे से ठंडे बस्ते में शामिल स्काई वॉक निर्माण का काम एक बार फिर से शुरू किए जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए नए सिरे से टेंडर बुलाए गए हैं। टेंडर जारी होने के बाद अधूरे स्काई वॉक का काम एक बार फिर से शुरू हो सकता है। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने टेंडर खुलने के बाद जल्द ही स्काई वॉक का निर्माण शुरू होने की बात कही है।

- पूर्व में जारी किए गए टेंडर में काम पूरा करने 31 करोड़ 41 लाख खर्च करने दर निर्धारित की गई थी

स्काई वॉक का निर्माण सात वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। राज्य में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद अधूरे स्काई वॉक का निर्माण पूरा करने के प्रयास तेज हो गए हैं।

इसी कड़ी में स्काई वॉक निर्माण करने टेंडर आमंत्रित किए गए। इसमें तीन कंपनी मित्तल ब्रदर्स, जीएस तथा पीएस कंस्ट्रक्शन शामिल हुए। स्काई वॉक निर्माण कार्य का 76 करोड़ में ठेका हुआ था, जिसमें से साढ़े 44 करोड़ का काम किया जा चुका है। ऐसे में शेष राशि लगभग साढ़े 31 करोड़ में काम पूरा कर देना था।

इसमें भी 17 करोड़ रुपए का बकाया चुकाना है। इस वजह से स्काई वॉक निर्माण का ठेका लेने वाली कंपनी पीछे हट गई।



### बीड खुलने के बाद टेंडर शर्तों का पता चलेगा

अधूरे स्काई वॉक का निर्माण करने किन एजेंसियों ने टेंडर जमा किया है। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। यह जानकारी बीड खुलने के बाद ही हो पाएगी। साथ ही स्काई वॉक निर्माण की क्या शर्तें निर्धारित की गई हैं। टेंडर खुलने के बाद ही खुलासा होगा।

### मरीजों को मिलेगी राहत

स्काई वॉक बनने से डीकेएस तथा आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीज जाम में फंसने से बच जाएंगे। इसके लिए इन दोनों अस्पतालों को जोड़ने वाली जगह पर लिफ्ट लगाई जाएगी। स्काई वॉक का एक हिस्सा डीकेएस अस्पताल परिसर में उतरता है। इसी हिस्से में सीढ़ी और एस्केलेटर के पास लिफ्ट रहेगी। आंबेडकर अस्पताल के गेट के पास भी स्काई वॉक का एक हिस्सा उतारा जाएगा।

### 12 जगहों पर एस्केलेटर

करीब डेढ़ किमी लंबे स्काई वॉक पर चढ़ने-उतरने के लिए 12 जगहों पर एस्केलेटर लगाए जाएंगे। साथ ही सीढ़ियां भी रहेंगी। डीकेएस परिसर और आंबेडकर अस्पताल के गेट के पास लिफ्ट लगाई जाएगी, ताकि मरीज और उनके परिजन एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रोड ट्रैफिक की झंझट से बचकर सीधे पहुंच सकें। गंभीर मरीजों को लाने ले जाने में भी स्काईवॉक का उपयोग किया जाना है। इसका एक हिस्सा डीकेएस अस्पताल परिसर में है। इसी हिस्से में सीढ़ी और एस्केलेटर के पास लिफ्ट रहेगी।

# मामाभांचा के उपसरपंच ने बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ कराया न्योता भोज



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मामाभांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली प्राथमिक शाला में नवनिर्वाचित उपसरपंच कोमल महानंद ने बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया।

इस दौरान पंच विष्णु साहू, केवल साहू, हेमलाल साहू, पानो बाई चौहान, शाला प्रबंधन समिति सदस्य टिकेश्वरी साहू, ओमप्रकाश साहू, खुग्गी बाई महानंद, विमला महानंद, जान्हवी, सोनाली, तारिणी, भूमि, डेविड, राघव साहू, प्रधान पाठक गायत्री कन्नौजे, शिक्षक भूपेंद्र देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन लाल साहू ने किया। उक्ताशय की जानकारी शिक्षक भूपेंद्र देवांगन ने दी।

## खबर संक्षेप



### घुंचापाली में नवरात्र पर होंगे विविध आयोजन

**बागबाहरा।** चंडी माता मंदिर घुंचापाली में नवरात्र महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। 30 मार्च को ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। मंदिर ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन माता के दरबार में जस गीत गायन के अलावा प्रत्येक दिवस संध्याकालीन आरती के बाद भक्ति संगीत से सराबोर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 30 मार्च को अद्वैत प्रभा मंडल बागबाहरा, 31 मार्च ताल म्यूजिकल ग्रुप बागबाहरा, 1 अप्रैल लोक कला रामधुनी मंडली बाली वध चौसरा झलमला, 2 अप्रैल मां सरस्वती राम धुनी मंडली आमदी धमतरी सती अनुसुईया प्रसंग एवं 3 अप्रैल जय बजरंग रामधुनी मंडली द्रोपदी चीरहरण प्रसंग डोडोसरा बालोद, 4 अप्रैल पतंजलि कला मंडली अमानारा ओडिशा द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मंदिर परिसर में प्रत्येक दिवस दोपहर एवं शाम निःशुल्क भंडारे का आयोजन दानदाताओं एवं मंदिर के सहयोग से होगा।

### चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योत जंवारा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसी तरह क्षेत्र के गांवों तथा घर व शीतला मंदिरों में ग्राम नर्रा, परकोम, परसुली एवं खट्टी में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक की जाएगी। इस अवधि में माता देवालयों व घरों में मनोकामना का ज्योत दीप प्रज्ज्वलित के साथ जंवारा स्थापित की जाएगी। मां चैत नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

### बेमचा में कल निकाली जाएगी प्रातः फेरी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में नववर्ष संवत 2082 के उपलक्ष्य में 30 मार्च रविवार को प्रातःफेरी निकाली जाएगी। बताया गया कि चैत्र शुक्ल प्रथमा को सिद्धार्थ नामक तथा संवत प्रारंभ हो रहा है। साथ ही चैत्र नवरात्र शुरुवात भी हो रही है। इसके स्वागत में प्रातः 8 बजे गुड़ी चौक से महामाई चौक, मानस भवन चौक, अंबेडकर चौक, नयापारा, गायत्री मंदिर चौक, खल्लारी मंदिर, रामनगर पारा, बालाजी मंदिर होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करेंगे। इसमें भक्ति गीत, राष्ट्रीय गीत, जागरण गीत, स्वागत गीत एवं वीर गाथा गीत गाते हुए अति उत्साह के साथ 10 बजे तक गांव के देव शक्तियों को प्रणाम करते हुए भ्रमण करेंगे। इसमें सभी संगठन तथा दुर्गा संगठन, मानस परिवार, गायत्री परिवार, सर्व समाज पंचायत परिवार एवं महिला संगठन को शामिल होने के लिए आव्हान किया गया। आमजनों से नववर्ष के दिन अपने अपने घरों में भगवा ध्वजा लगाने की अपील की है। प्रातः अपने अपने घरों के दरवाजे पर रंगोली एवं शाम से 6 बजे एक एक दीपक जलाने के लिए आव्हान किया गया है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

---

मांग : पूरे प्रदेशभर में खुलेंगे 67 शराब दुकान, विरोध शुरू

# नए शराब दुकान का भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्रदेश में खुल रहे 67 नई शराब दुकान को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने कड़ी नाराजगी जताई है। प्रदेश में नशामुक्ति अभियान चलाने वाली सबसे बड़ी संस्था भगवती मानव कल्याण संगठन ने इस नीति का कड़ा विरोध प्रकट किया है। संगठन गांव-गांव घर घर जाकर लोगों को नशामुक्त करा रही है। तो दूसरी ओर हमारी सरकार और नए 67



शराब दुकान खोल कर छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिला पुरुषों को नशे की दलदल में ढकेल कर जीवन तबाह करने पर तुली हुई है। इसके विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष केशव साव, डॉ वीरेंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान रंजीत चंद्राकर, कुंदन नायक, कुमार पटेल, घांसीराम नायक, गनपत पटेल, बसंत डड़सेना, सदानंद साहू, सियाराम डड़सेना, मनोरंजन साहू, श्याम सिदार, बिसाहू यादव, नैनसिग ठाकुर, गनपत पटेल, होराबाई चंद्राकर, शुकचरण, रतन बारिक सहित बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा सहित जिलेभर के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# दुर्गा नगर में पेयजल से परेशान नही होंगे मोहल्लेवासी, हुआ बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में पेयजल की समस्या गंभीर रूप देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष/उपाध्यक्ष व उनकी टीम ने इसे गंभीरता से लिया व आम लोगों को पेयजल समस्या को सुलझाने के लिए वार्ड क्रमांक दो में बोर खनन कार्य स्वीकृत किया गया। तत्काल दुर्गा नगर में बोर खनन का कार्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, अवध चंद्राकर, बंशीलाल चंद्राकर, पंकज हरपाल, पुष्पेंद्र चंद्राकर, राम प्रसाद यादव, विजय बंजारे, प्रकाश पाणिग्रही, बाबूलाल, नरेश यादव, रामचंद, पंकज यादव, नोज साहू, झरना, गीत मांझी, वर्षा मांझी, सरस्वती, रेवती, मीना सुकवारो, रामशीला, परमेश्वरी,



शांति, उत्तरा आदि उपस्थिति रहे। ज्ञात हो कि नगर में जल स्तर अत्यधिक निम्न स्तर हो चुका है। वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा नगर में पिछले दशक से पानी की समस्या से मोहल्लेवासी जूझ रहे थे। इस मोहल्ले में पानी टैंकर भी नहीं पहुंच पा रहा था। चुनावी दौर में देवेश साहू से मोहल्लेवासी इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने पहली प्राथमिकता देने की बात कही थी। उसे गभीरता से लेने के लिए अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर से कहा गया था। मोहल्ले की पानी की समस्या प्राथमिकता से लेते हुए समस्या का निदान किया।

---



### नागरिकों की समस्या सुन समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू प्रतिदिन पालिका दफ्तर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। विभिन्न वार्डों के लोग अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष साहू से मुलाकात कर समस्याएं बता रहे हैं। जिस पर समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा त्वरित निराकरण के निर्देश जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर के समस्त वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर पालिका द्वारा संजीदगी से कार्य किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान होगा। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो नागरिक उनसे पालिका दफ्तर में आकर मुलाकात कर सकते हैं।

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन चरणों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक, मई माह में 13 से 27 मई तक और जून माह में 16 से 30 जून तक आयोजित होगा। इस विशेष अभियान के दौरान भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू-अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए राजस्व अधिकारियों की टीमें गांवों का दौरा करेंगी। शासन की मंशा है कि नागरिकों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भटकना न पड़े और उन्हें अपने ही ग्राम पंचायत में त्वरित सेवाएं मिल सकें। इस अभियान से गांवों में राजस्व मामलों के निपटारे की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

### पेयजल समस्याओं के निराकरण तथा आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**महासमुंद।** पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जिले में पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए वर्ष 2025-26 में उपखंड एवं विखं स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक कार्यरत रहेगा। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा हस्त पंप तकनीशियन होंगे। पेयजल समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर सम्पर्क किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड महासमुंद अंतर्गत महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी किशोर कुमार साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। इसी तरह विखं महासमुंद के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी आलोक शुक्ला, बागबाहरा के लिए उपअभियंता कुलेश्वरी भारद्वाज, विखं पिथौरा के लिए उप अभियंता विखं प्रभारी पीडी अनंत होंगे। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सरायपाली अंतर्गत बसना और सरायपाली के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खिलेश्वर साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। विखं बसना के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी महेंद्र ध्रुव एवं विखं सरायपाली के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी टीके चंद्राकर प्रभारी अधिकारी होंगे।

---

# औरंगजेब अत्याचारी था और मुसलमानों का आदर्श नहीं हो सकता: डॉ. सलीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वाध्याय भवन समिति द्वारा स्वाध्याय भवन में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम भारत माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। मंच पर डॉ सलीम राज के साथ समिति के पदाधिकारी अधिवक्ता भूपेंद्र राठौड़, महेश चंद्राकर, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, चंद्रशेखर साहू एवं सीए रितेश गोलछा उपस्थित थे। डॉ सलीम राज ने वक्फ अधिनियम के दुष्प्रभाव को बताते हुए इसमें प्रस्तावित संशोधन के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वक्फ का अर्थ बताते हुए कहा की वक्फ का अर्थ होता है दान, न की किसी की संपत्ति को जबरदस्ती अपनी संपत्ति घोषित कर देना। वक्फ अधिनियम का अनैतिक फायदा उठाते हुए किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने की वर्तमान प्रणाली को गलत ठहराते हुए उन्होंने इसमें संशोधन को कानून सम्मत बताया। वक्फ अधिनियम में संशोधन से पारदर्शिता बढ़ने की बात उन्होंने की। वक्फ बोर्ड में सनातनी की सदस्यता एवं महिला की सहभागिता की बात पर उन्होंने कहा कि ये संशोधन नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान



की प्रधानमंत्री महिला हो सकती है तो बोर्ड में महिला क्यों नहीं हो सकती। बोर्ड में यदि सनातनी सदस्य होंगे तो किसी सनातनी एवं मुसलमान की संपत्ति जिसमें वो चार पीढ़ी से रह रहा है उसे गलत तरीक़े से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ काउंसिल के आदेश के विरुद्ध न्यायालय में अपील करने का अधिकार आम आदमी को इस संशोधन में प्रस्तावित है जो कि न्यायसंगत है। उन्होंने मुसलमानों को याद दिलाया कि उनके पूर्वज भी मूर्तिपूजक ही थे। औरगज़ेब के सवाल पर उन्होंने कहा कि औरंगजेब अत्याचारी था और मुसलमानों का आदर्श नहीं हो सकता। मुसलमानों का आदर्श यदि कोई है तो वो डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब हैं। संशोधन विधेयक को उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम बताया।

संशोधन के पक्ष में उन्होंने अपना भरपूर समर्थन होने की बात कही। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़ एवं उपाध्यक्ष महेश चंद्राकर ने बताया कि प्रत्येक माह इस प्रकार की गोष्ठी आयोजित की जाएगी। मंच का संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया। प्रस्तावना में सुमित ढिल्लो ने बताया कि क्यों वक्फ संशोधन विधेयक की आवश्यकता हुई। पूर्व में कब कब इसमें संशोधन हुआ। अंत में आभार प्रदर्शन रितेश गोलछा ने किया। कार्यक्रम में डॉ विमल चोपड़ा, देवीचंद राठी, चंद्रबदन मिश्रा, गोवर्धन प्रधान, लक्ष्मीकांत तिवारी, राजेश डड़सेना, सुमित ढिल्लो, तिलक साव, एमआर विश्वनाथन, अशोक गिरी गोस्वामी, नरेश मोरयानी, राजेश्वर खरे, सुजाता विश्वनाथन, उत्तरा प्रहरे, प्रमोद चंद्राकर, टेकराम सेन, कन्हैया लाल सोनी, सुशील शर्मा, रिखीराम साहू, शशांक तिवारी, नारायण सिंह ठाकुर, नूतन कुमार साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय गिरी गोस्वामी, हरवंश सिंह ढिल्लो, अग्रज शर्मा, अनूप उपासे, गुमान जैन, अनिल जैन, मोहन साहू, पवन साहू, नीलम दीवान, अरुणेंद्रधर दीवान, अश्वनी तिवारी, देव नारायण बिसेन, देवेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, द्वारिका चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, हेमकांति देवांगन, भूमिका वर्मा सहित मुसलमान समाज से अनवर हुसैन, शेर मोहम्मद, नईम ख़ान एवं सभी समाज से अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

# सभी को साथ लेकर शहर विकास का लिया संकल्प

## दिव्यांग महिला पार्षद को पीआईसी में नपाध्यक्ष ने किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद की

**प्रेसिडेंट इन काउंसिल का नपाध्यक्ष ने किया गठन**

नई पीआईसी का गठन नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने गुरुवार को किया। जिसमें 4 कांग्रेस सहित 2 निर्दलीयों को भी शामिल किया गया। एक सदस्य नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी हैं। पीआईसी गठन पश्चात नपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के पार्षदों सहित निर्दलीयों को शामिल कर हमने सभी को साथ लेकर शहर विकास का संकल्प लिया है।

ज्ञात हो कि पीआईसी गठन में प्रमुख बात यह रही कि नपाध्यक्ष साहू ने प्रथम बार के निर्वाचित वार्ड 15 के दिव्यांग पार्षद ईश्वरी संजय भोई को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग का सभापति बनाया है। इस पर नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि उन्होंने दिव्यांग पार्षद ईश्वरी भोई के संघर्ष व जनसेवा को ध्यान में रखकर पीआईसी मेंबर बनाया है। इससे जनसेवा के प्रति ईश्वरी भोई का मनोबल बढ़ेगा।



साथ ही पीआईसी की बैठक में मजबूती से जनहित के मुद्दे पर आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पालिका पीआईसी में दिव्यांग को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सभी को समान अवसर मिले यही उनकी सोच हैं। यदि अवसर मिले तो ईश्वरी भोई जैसी दिव्यांग महिला नगर विकास में अपनी बराबर की भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि नपाध्यक्ष साहू ने पीआईसी मेंबर में देवीचंद राठी उपाध्यक्ष को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग सभापति, जयकुमार देवांगन पार्षद वार्ड क्र. 02 को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, गुलशन कुमार साहू पार्षद वार्ड-27 को जलकार्य विभाग, बबलू सूरज नायक पार्षद वार्ड क्र. 09 को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव पार्षद वार्ड क्र. 05 को राजस्व तथा बाजार विभाग, ईश्वरी भोई पार्षद वार्ड क्र. 15 को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग, ज्योति रिंकू चंद्राकर पार्षद वार्ड क्र. 1 शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग

---

# सर्जरी के बाद नन्ही सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ, आयुष्मान योजना बनी जीवन संवारने वाली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद ब्लॉक के ग्राम बरोंडाबाजार में 11 जनवरी 2024 को कार्तिक ध्रुव के घर नन्ही सी प्यारी बच्ची सिद्धि का जन्म हुआ। उनके आगमन से पूरे परिवार में अपार हर्ष और उल्लास का वातावरण छा गया। लेकिन जन्म के तुरंत बाद ही परिजनों ने सिद्धि के सिर पर असामान्य सूजन देखी, जिससे सभी चिंतित हो गए। परिवार ने तुरंत स्थानीय मितानिन और चिरायु टीम महासमुंद से संपर्क किया। डॉ. रूही नाज और सहयोगी डॉक्टर ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बिना समय गंवाए उन्हें रायपुर के हायर सेंटर रेफर किया। रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि सिद्धि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट और ऑब्स्ट्रक्टिव हाइड्रोसिफ़ेलस नामक गंभीर समस्या से ग्रसित है। डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी करने का निर्णय लिया और उनके स्कल में स्टंट डालकर ऑपरेशन किया गया।



सर्जरी अत्यंत संवेदनशील थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और सही इलाज से यह पूरी तरह सफल रही। इस पूरे इलाज में 1.50 लाख रुपए का खर्च आया, जिसमें आयुष्मान योजना के तहत 1.20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता ने परिवार को राहत प्रदान की। सर्जरी के बाद सिद्धि जब अपने घर लौटी, तो भी उनकी नियमित देखभाल जारी रही। चिरायु टीम महासमुंद, सीएमएचओ डॉ. कुदेशिया और आरबीएसके कंसल्टेंट अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में उनका सही इलाज हुआ। डॉ अनिरुद्ध कसार की निगरानी में सिद्धि की सेहत में लगातार सुधार आता गया। आज सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ है। वह हंसती, खेलती और अपनी मासूमियत से सभी को आनंदित कर रही है। माता-पिता की आंखों में संतोष और खुशी झलक रही है। आयुष्मान योजना ने जीवन संवारने वाली योजना को चरितार्थ कर दिया।

---

# नवमीं के छात्रों ने बनाया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट, जिला पंचायत सीईओ हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा, इंटेल और अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैंप का आयोजन डाइट महासमुंद में हो रहा था। पांच दिवसीय कार्यशाला में इंटेल के एआई एक्सपर्ट अनूप सिंह ने 40 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का नो कोड मॉडल सिखाया। चौथे दिन छात्रों ने नो कोड मॉडल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट बनाना सिखा। छात्रों ने विभिन्न एआई टूल्स टेबलू, टीचेबल मशीन और ऑरेंज डेटा माइनिंग का उपयोग कर प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोजेक्ट बनाया। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों ने अपने बनाए प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण अतिथियों के समक्ष किया। समापन अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, डाइट प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर, जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद् के संयोजक जगदीश सिन्हा उपस्थित रहे। आयुष बाजपेई, रूपाली यादव और साहिबा परवीन ने टेब्लू आधारित एआई प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया। रुचि सिन्हा, जागृति सिन्हा और निशा पटेल ने टीचेबल मशीन आधारित ए आई प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण दिया। क्षितिज पांडेय, डोलमणि दास और क्षितिज देवांगन, रानी ध्रुव, छाया ने टेब्लू और ऑरेंज डेटा माइनिंग पर आधारित प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया। छात्रों के प्रस्तुतिकरण से प्रभावित होकर जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक ने कहा कि, आज जिस क्लास में बच्चे एआई को समझ रहे हैं, एक समय एआई इंजीनियरिंग के छात्रों को भी नहीं पढ़ाया जाता था।

आज न सिर्फ विज्ञान बल्कि कला, उद्योग, पर्यटन, सभी क्षेत्रों में एआई का उपयोग हो रहा है। उन्होंने जिले में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की मार्केटिंग में एआई टूल्स के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में सर्वप्रथम शिक्षकों को एआई प्रशिक्षित कर अध्यापन में इसके उपयोग करने के लिए योजना बनाए जाने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने सभी प्रशिक्षार्थी छात्रों को सीखे गए सभी टूल्स का नियमित अभ्यास करते हुए नए एआई मॉडल्स बनाने प्रेरित किया। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक सतीश नायर ने भी संबोधित करते हुए छात्रों को नियमित अभ्यास करते रहने तथा अपने अपने स्कूलों में जाकर अन्य छात्रों को भी सिखाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विकास यादव व्याख्याता, लिलिमा साहू, ईशा शुक्ला उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के जगदीश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम संचालन सुबोध कुमार तिवारी ने किया।




